दैनिक

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्षः- 03
अंकः-349
मुरादाबाद
13 April 2024
(Saturday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पंचम नवरात्री

### स्कन्दमाता

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।



मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता कहा जाता है। ये भगवान स्कन्द कुमार कार्तिकेय के नाम से भी जाने जाते हैं। इन्हीं भगवान स्कन्द अर्थात कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन की जाती है इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित रहता है। इनका वर्ण शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं। इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। नवरात्रि पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित रहने वाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाएं एवं चित्र वृत्तियों का लोप हो जाता है।

# पीएम मोदी बोले- अंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते, यह हमारे लिए गीता...

राजस्थान के बाड़मेर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित किए। यहां दूसरे चरण में लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर बीजेपी के कैलाश चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने पानी की जरूरत पर बात करते हुए स्थानीय कहावत का जिक्र करते हुए कहा कि यहां पानी, घी से भी ज्यादा कीमती है। मोदी बोले कि 70 साल से यहां पानी के लिए कुछ नहीं किया गया। हमने जल जीवन मिशन के जरिए यहां 50 लाख लोगों को पानी पहुंचाने का काम किया है। ईआरसीपी का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी भजनलाल शर्मा सरकार ने 100 दिन के भीतर ईआरसीपी परियोजना को पास करवाया। बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा में मोदी मोदी-सिद्धों और शूरवीरों की धरती, जिसके वीरों की कहानियां आज भी सीमा पार खौफ पैदा करती हैं, जिस रेगिस्तान की गरमी में अच्छों-अच्छों की हिम्मत हौसले तोड़ देती है, वहां आपकी हिम्मत के आगे यह गर्मी भी कुछ नहीं बिगाड़ पाती। यह भीड़ देखकर पता चलता है कि बाड़मेर की जनता बीजेपी को आर्शीवाद देने का मन बना चुकी है। यह चुनाव दल का नहीं देश का चुनाव है। मोदी बोले हमारा संकल्प है कि हम राजस्थान के हर घर तक पानी पहुंचाएं। ये लोग सीमावर्ती गांवों को जानबूझ कर विकास से वंचित रखते थे। कहते थे कि सीमा के पास



विकास होगा तो दुशमन देश के भीरत आकर कब्जा करने की संभावना बढ़ जाएगी। आप मुझे बताइए कि किस दुश्मन के कलेजे में इतनी हिम्मत है कि वह बाड़मेर पर कब्जा करने की सोचे...है हिम्मत किसी में। मोदी ने कहा कि हम सीमावर्ति गांवों को आखिरी गांव नहीं देश का प्रथम गांव मानते हैं। हमारे यहां देश यहां खत्म नहीं होता है, बल्कि यहां से शुरू होता है। बाड़मेर को पौने दो लाख गरीबों को पक्के आवास का लाभ मिला है। भाजपा सरकार देश की आखिरी सीमा तक सड़कें और हाइवेज बना रही है। बाड़मेर में मेडिकल कॉलेज भी खोला है। सीमावर्ती बाड़मेर में 72 हजार करोड़ रुपये लागत की रिफाइनरी शुरू होने जा रही है। अगर यहां कांग्रेस की सरकार नहीं होती तो मेरे दूसरे टर्म में ही मैं यहां आकर उद्घाटन कर जाता। लेकिन कांग्रेस ने ऐसी-ऐसी रुकावटें डालीं। लेकिन मेरे तीसरे टर्म में यहां उद्घाटन करने जरूर आऊंगा और तब आपको धन्यवाद भी दूंगा।

### गुजरात को लेकर पीएम मोदी बोले...

गुजरात की जनता ने जब मुझे जिम्मेदारी सौंपी तो कच्छ की हालत भी ऐसी ही थी। आज पूरे हिंदुस्तान में सबसे तेज विकास करने वाले जिलों में कच्छ का जिला पहुंच गया है। मुंबई में जमीन की जो कीमत होती है, वह कच्छ की हो गई है। मैं यह करके आया हूं, इसलिए गारंटी देता हूं यह भी मैं करके रहूंगा। यहां के एयरपोर्ट में भी पिछली कांग्रेस सरकार ने जमकर रोडे अटकाए थे। नहीं तो यह दो साल पहले ही चालू हो गया होता। कांग्रेस ने जिन्हें दशकों तक नहीं पूछा, मोदी उन्हें पूजता है।

### बाबा साहब पर कही ये बात

एससी, एसटी और ओबीसी के साथ दशकों तक भेदभाव करने वाली कांग्रेस आज कल एक पुराना रिकॉर्ड बजा रही है। वह कांग्रेस जिसने बाबा साहब के जीते जी उन्हें चुनाव हरवाया, उन्हें भारत रत्न नहीं मिलने दिया और वह कांग्रेस जिसने आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की। वह कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है। यह मोदी है, जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया था। कांग्रेस ने संविधान दिवस मनाने का विरोध किया था। पार्लियामेंट में इनके भाषण पड़े हैं। ये मोदी है, जिसने बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थों का विकास किया। इसलिए कांग्रेस और इंडी अलायंस के झूठों से सावधान रहने की जरूरत है। कांग्रेस वाले सुन लें ये 400 सीट की बात जनता इसलिए कर रही है कि पार्लियामेंट में उन्होंने मुझे 10 साल अच्छा काम करने से रोकने का काम किया है।

### संविधान खत्म नहीं कर सकते

बाबा साहब अंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते। यह संविधान हमारे लिए गीता, कुरान, बाइबल सब कुछ है। ये इंडी अलायंस वाले कितनी नफरत से भरे हुए हैं, यह इनके घोषणा पत्र में नजर आता है। इंडी अलायंस में शामिल एक दल का कहना है कि हम भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे। भारत जैसे देश जिसके दोनों तरफ पड़ोसियों के पास परमाणु हथियार हो, क्या उस देश में परमाणु हथियार समाप्त करना चाहिए। यह करना चाहता है इंडी अलायंस। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आपकी इंडी अलायंस के साथी किसके इशारे पर काम कर रहे हैं। एक तरफ मोदी भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में जुड़ा है, वहीं इंडी गठबंधन वाले भारत को कमजोर बनाने का काम कर रहे हैं। माता तनोट वाले लोग क्या देश को कमजोर करने वालों को सजा देंगे, जिस भारत मां के लिए हम अपने जीवन की परवाह नहीं करते कांग्रेस उसे सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा मानते हैं। इसलिए कांग्रेस के अध्यक्ष यहां आकर बोलकर गए हैं कि कश्मीर से राजस्थान से क्या वास्ता। इस बाड़मेर के सपूत भीखाराम मूंड ने कारगिल में बलिदान दे दिया था। जिस कश्मीर में जन्में बाबा रामसा की राजस्थान के घर-घर में पूजा होती है और ये पूछते हैं कि राजस्थान का कश्मीर से क्या वास्ता?

### कांग्रेस पर जमकर बरसे मोदी

कांग्रेस भारत को भाषा, प्रांत और जातपात में तोड़ना चाहती है। इसलिए इस चुनाव में आपको कांग्रेस को सबक सिखाना है। वह हर उस ताकत के साथ खड़ी हो जाती है, जो देश विरोधी होती है। हम राजस्थान में शक्ति की उपासना करते हैं, लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि वह हिंदू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। देश में कांग्रेस राम मंदिन का विरोध करती है और कांग्रेस राज में रामनवमी की शोभायात्रा पर पत्थर चलते हैं। मैं जब यहां रिफाइनरी के उद्घाटन के लिए आऊंगा, तब आपको बताऊंगा कि इसका महत्व क्या है। भाजपा ने बाड़मेर से कमल की जिम्मेदारी भाई कैलाश चौधरी को दी है। इसलिए आपको मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हुए कमल पर बटन दबाने की प्रार्थना करने आया हूं। इसलिए मैं यहां आर्शीवाद लेने आया हूं। चाहे जितनी गर्मी हो 26 अप्रैल को सुबह-सुबह ही कमल का फूल खिलना चाहिए।

# विपक्ष पर गरजे: CM योगी का तीखा भाषण, बोले- सहारनपुर को बना दिया था मजहबी उन्माद का केंद्र, अब नहीं होता पलायन

सहारनपुर पहुंचे सीएम योगी ने भारत माता की जय के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। इस दौरान पूरा पंडाल योगी-योगी के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को सहारनपुर पहुंचे। सीएम योगी का हेलिकाप्टर दोपहर में 12.25 पर गंगोह में उतरा। इसके बाद सीएम योगी मंच पर पहुंचे। सीएम के मंच पर पहुंचते ही पूरा पंडाल योगी आदित्यानाथ जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। वहीं, लोग योगी-योगी के नारे लगाते हुए अपनी कुर्सियों से उठकर खड़े हो गए।सीएम योगी ने पहले हाथ जोड़कर, फिर हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। गंगोह के नवीन मंडी सभा स्थल पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय से अपना संबोधन शुरू किया। इसके बाद उन्होंने वंदे मातरम के नारे लगवाए। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को चैत्र नवरात्र की बधाई दी। उन्होंने मां शाकंभरी और मां बाला सुंदरी को नमन किया। उन्होंने कहा कि सहारनपुर विकास की धारा के साथ जुड़कर विकसित भारत के सपने को पूरा कर रहा है। दिल्ली से




देहरादून के बीच ग्रीन एक्सपेसवे बन रहा है। इस विकास की गति को जारी रखना है। सहारनपुर पर मां गंगा और यमुना की कृपा है। यहां का किसान और हस्तशिल्प और कारीगरी दूर तक मशहूर है।सपा, बसपा और कांग्रेस के शासन में यहां का किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो गया था। नौजवान पलायन करने को मजबूर हो गया था। बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। व्यापारी सुरक्षित नहीं था।उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि जब सहारनपुर को मजहबी उन्माद का केंद्र बना दिया गया था। जब कांवड यात्रा पर बैन लगता था, तब तो जातिवादी संगठन नहीं आता था। सबके मुंह सिल दिए जाते थे। अब सहारनपुर विकास की नई गाथा गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले माफिया सिर ऊंचा करते घूमते थे। छोटी-छोटी बातों पर दंगा होता था। अब दंगा करने वाले खुद ही कहते हैं कि दंगा नहीं करेंगे। यदि वे दंगा करते तो उन्हें पकड़ कर उल्टा लटका कर मिर्ची का छोंका लगा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए 140 करोड़ का भारत ही मोदी का परिवार है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर बरगलाएंले लेकिन, जब जाति पर संकट आएगा तो यह सब लोग गायब हो जाएंगे। दंगा भड़काने वाले आज जातियों का इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी सरकार ने दंगा मुक्त माहौल दिया है। कर्फ्यू मुक्त प्रदेश दिया है। दंगा कराने वालों की गर्मी को शांत करने का काम किया है। कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त करके आतंकवाद को खत्म करने का काम पीएम मोदी ने किया है। विपक्षी दंगा, कर्फ्यू किसानों की आत्महत्या नहीं रोक सकते हैं। इनको सिर पर ढोकर आप क्यूं देश के लिए बोझा ढोहना चाहते हैं। बताया गया कि गंगोह में सीएम योगी का संबोधन खत्म हो गया है। अब सीएम योगी बड़गांव में आएंगे। सीएम यहां करीब 200 मीटर का रोड शो और फिर जनसभा करेंगे।

# पीलीभीत में बोले अखिलेश यादव: भाजपा वाले घबराए हुए..., 14 में आए थे और 24 में चले जाएंगे

पीलीभीत के पूरनपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने जिनकी सरकार बनवाई, 14 में आए थे और 24 में चले जाएंगे। यहां के लोग अगर स्वागत अच्छा करते हैं तो भाजपा के लोगों की विदाई भी धूमधाम से करेंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पीलीभीत के पूरनपुर में चुनावी रैली को संबोधित किया। पूरे भाषण में उनके निशाने पर भाजपा रही। किसान आंदोलन, इलेक्टोरल बांड का जिक्र कर सरकार पर जमकर हमला बोला। इशारों ही इशारों में पीएम मोदी और सीएम योगी पर भी तंज कसे। उन्होंने कहा कि पीलीभीत में बड़े-बड़े नेता आ चुके हैं। देश के बड़े नेता आकर अपनी बात कह चुके हैं। लखनऊ वाले तो घबराए हुए हैं, उनका चेहरा पीला हो जा रहा है। इलेक्टोरल बांड के जरिए वसूली- अखिलेश यादव ने कहा कि जब से यह दिल्ली वाले आए हैं,



महंगाई बढ़ाई है। यह सरकार महंगाई कम नहीं कर रही है। जब महंगाई रोकनी थी, तब चंदा वसूलने का काम किया। कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिए वसूली की गई। जिस कंपनी का कोई कारोबार नहीं है, उस कंपनी से सरकार ने पैसा वसूला। इलेक्टोरल बांड से काले को सफेद कर दिया। नोटबंदी में भी किया। इस सरकार ने जितना पैसा वसूला है, उसकी वजह से ही महंगाई है। जिन उद्योगपतियों से पैसा वसूला है, अब वो मुनाफा कमा रहे हैं। %सरकार ने किया किसानों पर थार चढ़ाने वालों का सम्मान - सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा के लोग तीन काले कानून लाए थे। ये कानून इसलिए वापस हो गए थे, क्योंकि ये लोग किसानों से घबरा गए थे। उन्होंने कहा कि जो किसान की आवाज में अपनी आवाज को जोड़ करके आंदोलन को मजबूत कर रहे थे उन्हें पीछे कर दिया। जो किसानों पर थार चढ़ा रहे थे उन्हें सरकार ने सम्मान दिया। थार से किसानों का आंदोलन रौंदा गया। जिले के सांसद वरुण गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जो किसान आंदोलन की बात कर रहे थे, उन्हें मंच पर जगह भी नहीं मिल रही है। जितिन प्रसाद पर कसा तंज - उन्होंने कहा कि कोई नया प्रत्याशी आया है, जो कह रहे हैं कि हमें पहले पता होता है यहां से चुनाव लड़ना है तो पीलीभीत को बंबई बना देता। हम कहते हैं कि इसको बंबई मत बनाओ। बंबई अर्थव्यवस्था की राजधानी है। वहां नाचा-गाना भी होता है। भाजपा प्रत्याशी कौन सा पीलीभीत बनाना चाहते हैं। आगे कहा कि ये कई दल घूम आए हैं। इनका मामला सेट हो जाता है, तो दूसरे दल में भी चले जाते हैं। इन्होंने सड़क मंत्री बनते ही घोटाला किया। ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर उत्तर प्रदेश के सब रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। तब इनके ओएसडी को हटाना पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 40 हजार करोड़ से ज्यादा पैसा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने में खर्च किया गया। कहीं गड्ढे भर गए हैं क्या। 14 में आए थे और 24 में चले जाएंगे- अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने जिनकी सरकार बनवाई, 14 में आए थे और 24 में चले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के लोग अगर स्वागत अच्छा करते हैं तो भाजपा के लोगों की विदाई भी धूमधाम से करेंगे। उन्होंने कहा कि इनकी गारंटी याद है। जिस तरीके से इन्होंने कोरोना में थाली और ताली बजाई थी। इसी तरह भाजपा की यह गारंटी नहीं, घंटी है। कहा था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे। इनकी गारंटी पूरी हो गई क्या। दो करोड़ नौकरियां देने की गारंटी पूरी हो गई क्या। इनकी सरकार में हर पेपर लीक हुआ है। यह उत्तर प्रदेश वाले कैसे मुख्यमंत्री हैं, इनका हर पेपर लीक हो जाता है। पूरी कर डिग्री हासिल की।

## संपादकीय Editorial

# Kejriwal's role

Delhi High Court has termed the arrest and remand of Chief Minister Kejriwal as 'legal' and 'justified'. Kejriwal and the Aam Aadmi Party (AAP) were dealt a blow by the court when it admitted their involvement in the liquor policy and the alleged scam. The court said, courtesy the evidence and documents of the Enforcement Directorate (ED), that Kejriwal was involved in the conspiracy. He had also asked for bribe as the national coordinator of AAP. The bribe money was spent in Goa elections. His money trail is also clear. From the point of view of law, the Chief Minister has no privilege that his arrest is not made at the time of elections. The material, facts, e-mails and WhatsApp chat details presented by the ED before the court are correct and sufficient. The investigating agency has made the arrest on the basis of evidence. Kejriwal can 'cross' the witnesses. Justice Swarnakanta Sharma has seriously remarked that pointing fingers at government witnesses is an attack on the court and the judge. The court is concerned with constitutional morality. The court has no political influence nor does it have anything to do with election timing, election tickets and electoral bonds. Statements of government witnesses have been taken before the judge under PMLA and Section 164. The provision of official witness is hundreds of years old. In such a situation, it cannot be said that these provisions were used to implicate Kejriwal.

This matter is between ED and Kejriwal. The Center has no role in this. Kejriwal had challenged his arrest and remand in the High Court, calling it wrong, but Justice Swarnakanta Sharma rejected Kejriwal's plea with these comments. Kejriwal and AAP still have the constitutional option of challenging this decision in the Supreme Court, but the fact has been established at the High Court level that Kejriwal is guilty of the alleged crime of making liquor policy and demanding bribe in the name of it. were also involved. Of course, AAP leaders and spokespersons keep arguing that even Rs 250 has not been recovered. To implicate Kejriwal and send him to jail is the biggest political conspiracy so far. BJP wants to crush AAP and has plans to topple the Delhi government. No matter how many campaigns AAP runs at the political level, there is concrete evidence before the court. The court has also basically accepted them. Statements of hawala operators are also available. Details of statements, e-mails, WhatsApp chats, meetings and meetings etc. of those who have given bribe amount are also available. Whom will Kejriwal and AAP try to falsify? Actually Kejriwal is stuck in a maze. His legal team and other advisors gave bad advice. Kejriwal should not have rejected 9 summons of ED. The legal conclusions now in front are from the High Court. No one's allegations are empty. The situation has reached such a stage that if the corruption of AAP is proved and Kejriwal's crime as the national convenor of AAP is also proved, then the Election Commission can cancel the recognition of AAP.Apart from the arguments like Sharath Reddy and election donations of Rs 60 crore and the accused being washed clean in the BJP's washing machine, AAP's spokespersons will have to give some more concrete arguments. One thief cannot point fingers at another thief and argue why action is not being taken against him? If AAP's arguments have merit, it can separately approach the apex court against the 'thieves' who joined BJP. At present Kejriwal and his associates are in jail after being accused in the liquor scam. Bail is also not easy in PMLA cases. Social and public disillusionment towards Kejriwal will also start coming to the fore. He must remember the political purity and morality, which he had declared when he entered.

# There will be no less challenges for BJP in West Bengal, credibility at stake in the first phase itself.

TMC has fielded Jagdish Chandra Basunia here. There is a possibility of a tough competition between these two. Prime Minister Narendra Modi and Chief Minister Mamata Banerjee have addressed election rallies in the area on the same day at an interval of a few hours. From this the importance of this seat is understood. The credibility of BJP is at stake in the three seats where voting is to be held in the first phase in West Bengal. The reason for this is that in the last elections it had won all three seats of Jalpaiguri, Cooch Behar and Alipurduar. This time the party faces the challenge of maintaining its grip. By the way, the North Bengal region is also considered a strong stronghold of the saffron party. In the year 2019, the party had won seven out of eight seats in the region, out of which six seats are reserved for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. This time, in a direct contest, Trinamool Congress has geared up to snatch these seats from BJP. But BJP is in a slight lead on these three seats. Interestingly, out of the 37 candidates trying their luck for these three seats, ten are crorepatis. Of these, Cooch Behar seat is especially the most important. Actually, BJP's Nishith Pramanik, who won here last time, is currently the Union Minister of State for Home and this time too he is in the fray. But in recent times, this area has been in the news due to violent clashes between BJP and Trinamool Congress workers. He has a thirty-six relationship with state government minister Udayan Guha. TMC has fielded Jagdish Chandra Basunia here. There is a possibility of a tough competition between these two. Prime Minister Narendra Modi and Chief Minister Mamata Banerjee have addressed election rallies in the area on the same day at an interval of a few hours. From this the importance of this seat is understood. Keeping in mind the caste equations of this area, BJP had made Anant Rai Maharaj its Rajya Sabha candidate. He is the first person from the state to reach the Upper House on a party ticket. Anant Maharaj heads a faction of the Greater Cooch Behar People's Association which has been demanding the establishment of a separate union territory by merging the border areas of Bengal and Assam. He belongs to the Koch-Rajbanshi community with a population of about 40 lakhs who are influential in the area. TMC candidate Nirmal Kumar Rai is contesting against BJP's Jayant Kumar Rai in Jalpaiguri seat adjacent to Cooch Behar. This parliamentary constituency is full of Dalits and tribals. Most of the tea gardens are also in this area. Last time, Jayant Rai had won here by a margin of about 1.85 lakh votes. To counter the power of BJP, Chief Minister Mamata Banerjee has started many schemes for the Rajbanshi community. These include the establishment of separate primary schools for the Rajbanshi community and declaring a government holiday on the birth anniversary of the community's social reformer Panchanan Burma. Mamta has also assured to consider the demands of tea garden workers and increase the minimum wage. The BJP has fielded party district chief Manoj Tigga in place of its previous winner and Union Minister John Barla on the Alipurduar seat. There is some dissatisfaction in the party due to this. Barla was hoping for a ticket this time too. TMC is trying to capitalize on this dissatisfaction here. Trinamool Congress has strengthened its position on this seat in the last five years. The party's Rajya Sabha member Prakash Chik Barik has a strong hold on the tea garden workers of the area. Political analysts say that the support of ethnic groups like Gorkha, Koch-Rajbanshi and Kamtapuri in the area has strengthened the ground under the feet of BJP. BJP has been winning the Darjeeling seat since 2009 with the support of the Gorkha community. As far as the issues are concerned, in the seats where voting is to be held in the first round, apart from the demand for a separate Union Territory, the biggest issues are the Citizenship (Amendment) Act and the plight of tea gardens and their workers. Both the main contenders i.e. BJP and TMC are seeking support from the people by mentioning their plans for the development of the area. Political analysts say that in the first round, BJP faces the challenge of retaining these seats. Trinamool Congress has nothing to lose. If it snatches even one of these three seats from BJP, it can be considered a big success for it.

## Drying taps in cities: Change in structure is the need of the hour; Only then will there be a boost in income and development along with increased employment generation.

Of the 543 Lok Sabha seats, 100 are urban, yet the water crisis is not an issue in political discussion or the current election campaign. NITI Aayog has said in its 2018 report that 'Ground water level in 21 major cities is going to reach near zero, which will affect more than 10 crore people.' In the internet age, big claims vanish within a few hours. Last week, Kerala's Industry and Law Minister P. Rajeev encouraged the IT companies of Bangalore, which are facing water shortage, to come to Kerala. He said that 'There are 44 small and big rivers in Kerala and there is no problem of water here.' But this phrase could not last long, because the reality of the gap between supply and demand soon came to light. Within three days of the minister's claims, reports of 'Bangalore-like days in Kochi' made headlines and people in Thiruvananthapuram complained of dry taps. There is hardly any city in the country where people do not have to face water shortage and atrocities of the tanker mafia. You can find out the cities with water cuts and those supplying water through tankers on Google. Due to falling groundwater level in Lucknow, old wells are being revived in 49 areas. A door-to-door campaign called 'Jal Teerth' is being run in Varanasi to conserve water and preserve water bodies. On World Water Day, Amar Ujala published a news titled 'Ganga Kinare, Pyasi Kashi', in which it was told about the falling groundwater level. The situation in the national capital Delhi or the tourist center Jaipur is also not much different. The people of Mumbai have accepted declared and unannounced water cuts as normal. Pune, which is emerging as a major start-up hub, is seeing towers more than twenty storeys high, while the existing colonies are facing water crisis. Home owners in the Thane-Raigarh-Panvel area will have to make do with one-hour water supply and take polluted water from tankers. In such a situation, is there a need to amend the Real Estate (Regulation and Development) Act to guarantee water? Remember, these cities are powering India's growth story. Politically, 100 of the 543 Lok Sabha seats are urban in nature, yet the water crisis is not an issue in the political discussion or the current election campaign. In my book Accidental India, I have said that water is a silent crisis waiting to be solved. NITI Aayog has said in its 2018 report that 'Ground water level in 21 major cities is going to reach near zero, which will affect more than 10 crore people.' My second book, The Gated Republic, describes the extent of the crisis, the public failures and private solutions, and the shift away from government provision to paid services. The irony is that now the community which used to avail the facilities by paying is also suffering. Scenes of such crisis are visible in all cities. In most cities, water tankers reach residential areas early in the morning. VS in Mumbai Tanker suppliers on the route can be seen offering RO-treated or filtered water. Bottled water companies in urban settlements have taken advantage of this opportunity. The truth is that urbanization in India has happened in an unplanned manner. Every city in India is dependent on water reservoirs located in rural areas, often between 50 and 100 kilometres. Bangalore receives water from the Dead Reservoir and the Kaveri River, a hundred kilometers away. Chennai draws water from Cholavaram and Veeranam lakes. Delhi depends on groundwater and the Sonia Vihar water treatment plant, which takes water from the Ganga and Yamuna. Mumbai is dependent on seven lakes, including the Upper Vaitarna, 150 km away. Water crisis persists due to poor availability and disorganized management. India has about 16 percent of the global population and four percent of water resources. India's population is as large as that of China, but according to World Bank data, the per capita availability of freshwater in India is half that of China. India receives 3,880 billion cubic meters of rainfall annually, but it barely takes advantage of 1,999 billion cubic metres. About 249 billion cubic meters of groundwater is exploited in the country, but 89 percent of it is used in agriculture. It is clear that policy makers should pay attention to the shortcomings of availability and management. There is no dearth of studies or solutions. The primary emphasis needs to be on improving the efficiency of utilization of food production. There is a need to prepare the crop map again beyond the theme of 'more crops per drop'. For example, in water-scarce areas, cultivation of paddy or sugarcane will have to be stopped. This will provide relief from unbalanced and excessive use of water in farming. There is also a need to reshape water usage and recycling. Two global examples are worth noting. In 2019, Singapore set a target to recycle 70 percent of its water by 2030. The island nation is also aiming to save about 9 million gallons of water per day. Of course, Singapore is a small country, but its water recycling efforts could be a model for urban India. The second case is that of Israel, which is in a geographical area of water scarcity. More than 70 percent of the crops here are drip irrigated. Its water desalination plants produce 700 million cubic meters of water annually, Out of which it exports about 200 million cubic meters of water to Jordan. Israel has set a target of desalinating 1.2 billion cubic meters of water annually by 2030. India currently has four water desalination plants and with a coastline of over 7,500 km, India can also take advantage of this solution. True, improvements in availability and change management require new components and resources. But it is equally true that these structural changes are needed to maintain the aspiration of $100 trillion GDP. And investment in this will boost employment generation, income and development.



# योजनाओं के दम पर भारत 2047 में बनेगा विकसित देश, सबका साथ, सबका विकास है मोदी की गारंटी




◆ तीसरी बार सरकार बनने पर भारत बनेगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, किसानों को मिला गन्ना मूल्य भुगतान, सरकार ने चलवाई पांच नई चीनीं मिलें

मुरादाबाद- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बुद्धि विहार मैदान में जनसभा को संबोधित कर भाजपा के प्रत्याशियों व जनता में जोश भरा। उन्होंने सबका साथ सबका विकास को मोदी की गारंटी बताते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के दम पर 2047 में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। केंद्रीय गृहमंत्री ने भारत माता की जय, जय श्रीराम, लालबाग स्थित काली माता को नमन कर अपने भाषण की शुरुआत की। कहा कि नरेंद्र मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को दस साल में 11वें नंबर से पांचवें नंबर पर लाकर विपक्ष की बोलती बंद कर दी। अबकी बार सरकार बनने पर देश विश्व में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। विपक्षी नेताओं पर अपराधीकरण, भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के साथ ही राममंदिर निर्माण को लेकर निशाना साधा। बोले यह भाजपा का ही दम था कि कश्मीर से 5 अगस्त को कश्मीर से धारा 370 हटाकर दिखा दिया। अब आतंकवाद और भ्रष्टाचार अपराध खत्म हो गया है। अपराधी, भ्रष्टाचारी जेल में हैं। उपलब्धियां गिनाते हुए गृहमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिया है। दस करोड़ महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन दिया है। केंद्र सरकार ने 14 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया है। आगे भी योजनाओं का लाभ ऐसे ही मिलता रहे तो तीसरी बार मोदी सरकार को लाना होगा। किसानों की बात कर गृहमंत्री ने कहा कि गन्ना मूल्य बढ़ाकर प्रदेश सरकार ने दिया। 20 से अधिक चीनी मिलें चलवाई और पांच नयी चीनी मिल खोली। क्या यह कम है। किसी और सरकार में क्या यह सुविधाएं मिली थीं इसका सवाल जनता के बीच उछाला, जवाब मिला नहीं। पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से भारत का वैश्विक महत्व बढ़ा है ऐसे में हर भारतीय का सीना 56 इंच का हो जाता है। आज विपक्ष के हर झूठ का जवाब जनता भाजपा को जिताकर दे रही है। आज भाजपा के सर्वाधिक मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, महापौर हैं, यह जनता का अपार प्रेम है। एक बार यह प्रेम केंद्र में 400 पार सीटें देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सुनने आई इस भीड़ को देखकर जनादेश स्पष्ट हो गया है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है। उन्होंने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर विपक्षी दलों की बोलती बंद कर दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया ने कहा कि अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी। सभा को प्रदेश सरकार में मंत्री बलदेव सिंह औलख, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने भी संबोधित किया। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, लोकसभा प्रभारी अशोक पाल के अलावा महापौर विनोद अग्रवाल, पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। भीड़ देखकर गदगद हुए भाजपाई- जनसभा में जुटी भीड़ को देखकर मंचासीन भाजपा नेता गदगद हो गए। विधान परिषद सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा सभी कुर्सियां भर गई हैं, और कुर्सियां आ रही हैं वह भी भरेंगी तो और कुर्सियां मिलेंगी। संचालन कर रहे डॉ. व्यस्त ने युवाओं में भी खूब जोश भरा।

## संक्षिप्त समाचार

# प्रचार में भाजपा आगे, सपा-बसपा, कांग्रेस के प्रत्याशियों की लगी है टकटकी

मुरादाबाद- लोकसभा चुनाव में प्रचार की रेस में मंडल में भाजपा सब पर भारी है। 2019 में मंडल की सभी सीटें गंवाने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार कोई जोखिम नहीं लेना चाहती है। इसलिए दो महीने में भाजपा के दिग्गजों ने मंडल के सभी जिलों में जनसभा या किसी अन्य आयोजनों में शामिल होकर मंडल को मथ डाला है। चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद भी उनके नेता ताबड़तोड़ कार्यक्रमों से हुंकार भरकर विपक्षी धार को तेज होने से पहले ही कुंद करने में जुटे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरणों में मंडल के पांच जिलों की छह लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। तारीखों की घोषणा से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में संभल जिले के कल्कि धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर माहौल बना दिया था। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। इसके बाद मुरादाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, अनुराग ठाकुर के अलावा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य चुनावी बैठकों व समीक्षा के जरिए जीत का मार्गदर्शन दे चुके हैं। रामपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए दम भरा। विपक्ष के नेताओं पर राजनीतिक तीर चलाकर उनकी नीति और नीयत को कटघरे में खड़ा कर कमल खिलाने को हर संभव जोर लगा दिया है।




बिजनौर में भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और एनडीए गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी सभा कर चुके हैं। वहीं अमरोहा में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक लोगों से भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए अपील कर चुके हैं। जबकि संभल में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मार्गदर्शन कर चुके हैं। इन दिग्गजों के दम पर प्रचार तंत्र में अब तक भाजपा सब पर भारी पड़ी है। शुक्रवार को भाजपा के चाणक्य अमित शाह मुरादाबाद के बुद्धि विहार के मैदान में जीत की हुंकार भरेंगे। तो दूसरी तरफ भाजपा नेताओं की राजनीतिक गर्जना के बीच खुद को लाचार पा रहे समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज, कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अपने दलों के दिग्गजों की राह देख रहे हैं। जिससे उनके आने से उनकी चुनावी गाड़ी को भी रफ्तार मिल सके। अब पहले चरण के मतदान में सिर्फ सात दिन शेष हैं। प्रचार का शोर भी 17 की शाम पांच बजे थम जाएगा, ऐसे में आखिर के दिनों में भाजपा की काट के लिए दूसरे दलों के स्टार प्रचारकों को भी जोर लगाना होगा। अब 14 अप्रैल को सपा मुखिया अखिलेश यादव तो बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की मुरादाबाद में 15 जनवरी को जनसभा तय हो चुकी है। वहीं 13 अप्रैल को बिजनौर में भी अखिलेश यादव का कार्यक्रम प्रस्तावित है। आखिरी दिनों में इनकी ललकार का कितना फायदा इनके प्रत्याशियों को मिलेगा यह तो चार जून को ईवीएम का लॉक खुलने पर मतगणना में ही पता चलेगा। लेकिन, अब तक के परिदृश्य में प्रचार का शोर सर्वाधिक भाजपाई खेमे में ही जनता ने सुना है। मंडल की लोकसभा सीटों पर 2019 के चुनाव में जीत की यह थी स्थिति- लोकसभा सीट जीते प्रत्याशी दल मुरादाबाद - डा. एसटी हसन सपा रामपुर- आजम खां सपा संभल - डा. शफीकुर्रहमान बर्क (अब दिवंगत) सपा अमरोहा - कुंवर दानिश अली बसपा बिजनौर - मलूक नागर बसपा नगीना (सुरक्षित) गिरीश चंद्र - बसपा मंडल की सीटों पर मतदान की तारीख- प्रथम चरण-मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर - 19 अप्रैल द्वितीय चरण-अमरोहा- 26 अप्रैल तृतीय चरण- संभल-7 मई

# महिला कांस्टेबल से भूखंड की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी, चार महिलाओं समेत आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- महिला कांस्टेबल के साथ भूखंड खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यह प्रकरण कांठ थाना क्षेत्र के मौजा मुख्तयारपुर नेवादा का है। धोखाधड़ी के आरोप में महिला कांस्टेबल ने चार महिलाओं समेत आठ के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पीड़ित कांस्टेबल वंदना पत्नी स्वर्गीय अमित कुमार वर्तमान में काशीपुर में तैनात है। वह मूलरूप से संभल जिले में आवास विकास कॉलोनी चंदौसी की रहने वाली है। उसका हाल पता तहसील कांठ ग्राम महमूदपुर माफी है। नामजद अभियुक्तों में बलवंत व उसकी पत्नी किरनबाला, पुत्र दीपक कुमार और जसपाल व इसकी पत्नी जयवती, आरती पत्नी मुकेश और बलराम व इसकी पत्नी वीरवती हैं। धोखाधड़ी का शिकार हुई कांस्टेबल वंदना ने पुलिस को बताया है कि मुख्तियारपुर नवादा में उन्होंने गाटा संख्या 236 पर 350 वर्ग मीटर भूखंड का सौदा बलवंत और इसकी पत्नी किरणबाला, बेटे दीपक कुमार एवं आरती पत्नी मुकेश से हुआ था। जिसका बलवंत के बेटे दीपक ने फर्जी तरीके से एग्रीमेंट कराया था, जबकि इसके नाम से कोई जमीन नहीं थी। ये आरोपी कांठ में मुहल्ला फकीरगंज में रहते हैं। आरोप है कि बेगमपुर के तेजपाल पुत्र छुट्टन व नवादड़ी कांठ के हेमराज पुत्र भूप सिंह से आरोपी बलवंत आदि ने फर्जी तरह से संबंधित भूखंड का बैनामा करा रखा था। सौदे के आधार पर आरोपियों ने महिला कांस्टेबल को गाटा संख्या 235 की 140 वर्ग मीटर जमीन पर गलत तरीके से कब्जा कर दिया। यही नहीं, सड़क किनारे स्थित पीड़िता के भूखंड पर षडयंत्र के तहत आरोपियों ने जयवती पत्नी जसपाल और वीरवती पत्नी बलराम निवासी डेरा उमरी कलां के नाम भूखंड का बैनामा करा दिया और इसमें जगदीश व इसका भाई बलराम गवाह बन गया। फिर पीड़िता को गाटा संख्या 235 की 140 वर्ग मीटर जमीन को गलत ढंग से कब्जा करा दिया। पीड़िता का कहना है कि उसके भूखंड के उत्तर में तेजपाल पुत्र छुट्टन की भूमि है। किरन बाला का संबंधित जगह पर कोई भूखंड नहीं है। पीड़ित कांस्टेबल के भूखंड के दक्षिण में हेमराज व आरती की जमीन है। कांस्टेबल का आरोप है कि इस तरह राशन डीलर बलवंत व उसके पांच पुत्रों के साथ ही अन्य लोगों ने धोखा देकर उसकी सड़क किनारे वाले भूखंड को अवैध तरीके से दबंगई के बल पर अवैध कब्जा कर उसके साथ धोखा किया। आरोपी पीड़िता को दे रहे धमकी कांस्टेबल वंदना वर्तमान में काशीपुर में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि मौके पर देखभाल करने वाला कोई नहीं है। इसका लाभ उठाकर आरोपियों ने उनके साथ धोखाधड़ी कर दी है। आरोपी उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने जैसी तरह-तरह की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में कांठ थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि महिला कांस्टेबल की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है। संबंधित मामले में आठ लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। प्रकरण की जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।

# निजी स्कूलों की मनमानी जारी, शिक्षा विभाग मौन...ऑनलाइन भी नहीं मिल रही किताबें

मुरादाबाद- स्कूलों में एक अप्रैल से नए सत्र की शुरुआत हो गई। अभिभावक अपने बच्चों के लिए किताबें, बैग और ड्रेस की तैयारियों में जुटे हैं। अभिभावकों का कहना है कि निजी स्कूल हर बार की तरह बाहरी प्रकाशकों की महंगी किताबें लगवा रहे हैं। ऐसे में अभिवावकों की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। वे न चाहते हुए भी महंगी किताबें खरीदने को मजबूर हैं।



उधर, जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौन हैं। शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबों का सर्कुलर जारी होने के बावजूद निर्देशों का निजी स्कूलों की ओर से पालन नहीं किया जा रहा है। किताब विक्रेता अलग-अलग कक्षा के मुताबिक किताब और कॉपियों का सेट बनाकर रखे हुए हैं, जिनकी कीमत पांच हजार से आठ हजार रुपये तक बताई जा रही है। साथ ही स्कूल प्रबंधन की ओर से लगाई गई निजी प्रकाशकों की किताबें महानगर में चुनिंदा दुकानों पर ही उपलब्ध हैं। किताबें लेने पहुंचे एक अभिवावक ने बताया कि ऑनलाइन किताबें उपलब्ध नहीं हैं, न ही स्कूल के आसपास किसी दुकान में हैं। ऑनलाइन भी नहीं मिल रही किताबें- अभिभावक दिनेश कुमार ने कहा कि किताबें न स्कूल में हैं और न ही ऑनलाइन हैं। इसके लिए उन्हें स्कूल द्वारा बताई गई दुकान पर आना पड़ा। वहीं, एक अन्य अभिवावक राहुल ने कहा कि स्कूल के आसपास किताबें न मिलने के कारण उन्हें काम से छुट्टी लेकर आना पड़ा और यहां पर आकर देखा तो लंबी लाइन लगी थी। इस कारण उन्हें परेशानी हुई। एक अन्य अभिवावक मनोज कुमार ने बताया कि मेरी बेटी दूसरी क्लास में पढ़ रही है। दुकानदार की तरफ से दिए गए किताबों के सेट की कीमत 5,771 रुपये रखी गई है। इसमें किताब, कॉपियां के साथ फिजूल की चीजें भी दी गई हैं। एनसीईआरटी की किताबों में और अन्य प्रकाशकों की किताबों के दाम में फर्क- कक्षा - एनसीईआरटी (रुपये) - अन्य प्रकाशक (रुपये) नर्सरी- 500 - दो हजार 1 से पांचवीं- 1000 - पांच से छह हजार 6 से 10वीं- 1500 - दो से आठ हजार

# 46 वर्षों से गुलाम मोहम्मद खान की जीत का रिकॉर्ड कायम

मुरादाबाद- आजादी के बाद 1957 में मुरादाबाद की धरती से पहले सांसद कांग्रेस के राम सरन जरूर बने थे और इन्होंने 37 फीसद मत पाकर 6,356 वोट के अंतर से निर्दलीय उम्मीदवार खलीक अहमद को हरा दिया था। उस पहले चुनाव में राम सरन को कुल 75,992 मिले थे और खलीक अहमद को 69,636 वोट। लेकिन, यदि अब तक के कुल 15 चुनाव की बात करें तो भारतीय लोकदल के गुलाम मोहम्मद खान वह नाम है, जो आज भी अपनी जीत के अंतर के रिकॉर्ड को कायम कर रखे हैं। आपातकालीन का दौर था। वर्ष 1977 के आम चुनाव में गुलाम मोहम्मद खान ने 65 प्रतिशत वोट पाकर लोक सभा पहुंचे थे। इन्होंने 1,38,851 मतों के अंतर से कांग्रेस के डीएन सिन्हा को हराया था। सिन्हा को केवल 19 प्रतिशत अर्थात कुल 57,797 मत मिले थे। उस दौर में भी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का अभाव नहीं रहता था। 1977 के चुनाव में कुल 14 उम्मीदवार थे। कुल मिलाकर गुलाम मोहम्मद खान के बनाए रिकॉर्ड को अब तक 46 वर्ष हो गए हैं। इनके बाद सबसे अधिक 51 प्रतिशत मत पाने वालों में भी अब तक केवल गुलाम मोहम्मद खान और दूसरे स्थान पर डॉ. एसटी हसन रहे हैं। 1989 चुनाव में गुलाम मोहम्मद खान जनता दल से चुनाव लड़े थे और विजेता बने थे। इनके बाद 51 प्रतिशत मत पाने वालों में 2019 के आम चुनाव में सपा के टिकट पर सांसद बने डॉ. एसटी हसन हैं। इस चुनाव में डॉ. एसटी हसन को 6,49,416 मत मिले थे। सबसे कम मत से विजेता बनने वालों में हाफिज मोहम्मद- 1984 के चुनाव में हाफिज मोहम्मद सिद्दीकी मुरादाबाद से सांसद बने थे। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस हैं। इन दोनों दलों ने यहां से चार-चार चुनाव जीते हैं। भाजपा (पूर्व में भारतीय जनसंघ) ने भी तीन चुनाव जीते हैं। इसी तरह जनता दल ने दो और जनता पार्टी (सेक्युलर) व भारतीय लोक दल ने एक-एक बार विजय पाई है। 43 साल बाद 2014 में भाजपा को मिली थी तीसरी विजय- सर्वेश कुमार सिंह वर्तमान में भाजपा के सांसद प्रत्याशी हैं। वह इससे पहले भी लोक सभा के तीन चुनाव लड़ चुके हैं। इसमें वह दो चुनाव हारे हैं, जबकि 2014 का चुनाव वह जीते थे और सांसद बने। इससे पहले भाजपा (पूर्व में भारतीय जनसंघ) ने लगातार 1967 और फिर 1971 का चुनाव जीता था। 1967 में वीरेंद्र अग्रवाल और 71 में ओपीटी पुरुषार्थी सांसद बने थे। 2009 के चुनाव में पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने भाजपा के सर्वेश कुमार सिंह को 49,107 के अंतर से हराया था। मोहम्मद अजहरुद्दीन कांग्रेस के झंडे तले सांसद बने थे। 2014 के निर्वाचन में भाजपा के सांसद प्रत्याशी रहे सर्वेश सिंह ने सपा के डॉ. एसटी हसन को चुनावी अखाड़े में 87,504 के अंतर से पछाड़ दिया था। विजेताओं को मिले मत और जीत का अंतर- चुनाव वर्ष विजेता - दल - मिले वोट - जीत अंतर - मत प्रतिशत 2019 -डॉ. एसटी हसन- सपा - 6,49,416 - 97,878 - 51 2014- सर्वेश कुमार - भाजपा - 4,85,224 - 87,504 - 43 2009- मो. अजहरुद्दीन - कांग्रेस - 3,01,283 - 49,107 - 40 2004- डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क- सपा - 2,18,079 - 35840 - 33 1999 - चंद्र विजय सिंह उर्फ बेबी राजा - कांग्रेस- 2,53,321 - 96,450 - 40 1998 -डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क- सपा - 2,89,484 - 36481 - 40 1996-डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क- सपा - 2,42,030 - 1,885 - 38 1991- गुलाम मोहम्मद खान - जनता दल- 2,01,739 - 13,978 - 41 1989 - गुलाम मोहम्मद खान - जनता दल - 2,45,760 - 81,917 - 51 1984 - हाफिज मोहम्मद सिद्दीकी - कांग्रेस -1,16,942 - 7,113 - 291980 - गुलाम मोहम्मद खान -जनता पार्टी (सेक्युलर)- 1,03,291 - 10,467 - 34 1977 - गुलाम मोहम्मद खान -लोक दल -1,96,648 - 13,8851 -6 1967- ओपीटी पुरुषार्थी-भारतीय जनसंघ- 78,497 - 27,305 - 30 1957- राम सरन -कांग्रेस - 75,992 - 6,356 - 37

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती - कंपोजिट विद्यालय जमुनहा के प्रांगण से स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग जागरूकता संबंधी रैली विद्यालय के छात्राओं द्वारा निकाली गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हरिद्वार द्वारा रैली का शुभारंभ किया गया। रैली में छात्र /छात्रा व अभिभावक मौजूद रहे। यह रैली जमुनहा बाजार के विभिन्न मार्गो से होती हुई गुजरी। रैली में छात्रों द्वारा घर-घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ। घर-घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा। कोई न छूटे इस बार, शिक्षा है सबका अधिकार। पढ़ेंगे पढ़ाएंगे उन्नत देश बनाएंगे। अनपढ़ होना है अभिशाप, अब ना रहेंगे अंगूठा छाप।




तथा आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे। जैसे नारे लगाकर अभिभावकों एवं जनसमुदाय को जागरूक किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं व अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक आलोक कुमार को द्वारा बताया गया कि नए सत्र 2024 25 में बच्चों का नामांकन शुरू हो गया है। आप सभी अपने यहां 6 से 14 वय वर्ग के सभी पात्र बच्चों का अविलंब विद्यालय में प्रवेश करायें। इसी क्रम में संचारी रोग नियंत्रण माह के संबंध में छात्रों व अभिभावकों को जानकारी दी गई। बताया गया कि इस समय गर्मी के मौसम में जल जनित बीमारियां से बचने के लिए दूषित जल, बासी व खुले भोजन से बचना है। तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना है। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ विनोद कुमार शर्मा, राधा देवी, अखिलेश कुमार वर्मा, कृष्णा कुमारी, पवन कुमार वर्मा, वीरेंद्र कुमार मौर्य, वेदप्रकाश सैनी हरगोविंद सहित तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

# चुनाव के लिए देवेंद्रनगर में भाजपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच -घनश्याम प्रसाद शर्मा




